दिनांक 08.05.2018

सेक्टर 9 हॉस्पिटल ब्लड बैंक के संदर्भ में सीएम से मिले मेयर

जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय सेक्टर 9 भिलाई के ब्लड बैंक यूनिट को बंद होने से क्षेत्र में आई संकट एक गंभीर मुद्दा है, बीएसपी कर्मचारी ही नहीं अपितु जिले वरन दुर्ग संभाग सेक्टर 09 स्थित अस्पताल पर आश्रित है जहाँ ब्लड बैंक में घटित घटना के पश्च्यात उसे बंद किए जाने की कार्यवाही ने कुछ ही दिनों में क्षेत्र भर में असर दिखना शुरू हो गया है प्रतिदिन सैकड़ों मरीज हॉस्पिटल से वापस लौटाए जा रहे हैं, भिलाई शहर में आयी इस सामूहिक परेशानी से निजात हेतु महापौर देवेन्द्र यादव ने प्रदेश के मुखिया डॉ श्री रमन सिंह से मिलकर उक्त संदर्भ में विस्तृत चर्चा की और ब्लड बैंक पुनः प्रारम्भ करने निवेदन किया।

सेक्टर 9 अस्पताल मामले में सीईओ से मिले मेयर

- रिटायर्ड कर्मचारियों की समस्याओं से भी कराया अवगत

सेक्टर 09 हॉस्पिटल में पिछले दिनों घटित घटनाओं जिसमें ब्लड बैंक का लाइसेंस रद्द होने , अस्पताल प्रबंधन द्वारा सैकडों मरीजों को लौटा देने जैसी घटनाओं को गंभीरता से लिए जाने की कवायद पर महापौर देवेन्द्र यादव आज बीएसपी के सीईओ श्री एम रवि से मिलकर विस्तृत चर्चा की और इस तथ्य की ओर भी ध्यानाकर्षण किया जहां बीएसपी के कर्मचारियों के साथ ही पूरा दुर्ग जिला क्षेत्र सेक्टर 9 हॉस्पिटल पर आश्रित रहता है प्रतिदिन लगभग 2000 मरीज उक्त अस्पताल में आते हैं , वहीं संक्रमित खून चढ़ाए जाने जैसे मामले उसके पश्च्यात ब्लड बैंक की सिलबन्दी और सैकड़ो मरीजों को वापस लौटाया जाना अत्यंत चिंतनीय घटना है जिसे गंभीरता से लेते हुवे ब्लड बैंक पुनः शुरू किए जाने नए सिरे से प्रयास की आवश्यकता है साथ ही चिकित्सकों का पहला कार्य मरीज को हर हाल में राहत पहुंचाना होता है जिसपर भी अस्पताल प्रबंधन ने हाथ उठाये हुवे हैं जोकि निंदनीय है जिसे लेकर सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी मरीज को वापस न लौटाया जाए , वहीं जिले में वर्तमान में 8 ब्लड बैंक अन्य भी संचालित है जिनसे टाई अप कर भी हालात को काबू किया जा सकता है।
इसी के साथ ही सेवनिर्वित्त कर्मचारियों की महत्वपूर्ण जायज माँग को लेकर भी मेयर ने सी ई ओ से चर्चा की जिसमें पूर्व में रिटायर्ड कर्मचारियों को रिटायरमेंट के 2 साल तक प्रबंधन द्वारा दिए गए क़वार्टर पर यथावत रहने की अनुमति होती थी जिसे वर्तमान में इसपर प्रतिबंध लगा हुवा है जिसके कारणवश रिटायर्ड कर्मचारियों को एकाएक रोजगार एवं आवास दोनों छूटने से रोजमर्रा के बहुत से परेशानियों का सामना करना पड़ता है, मेयर ने मानवता के दृष्टिकोण से भी विचार करने कहा कि पूरा जीवन प्रबंधन की सेवा में लगाए कर्मचारियों को अपने भविष्य को लेकर व्यवस्थित होने हेतु अलॉट किए गए क़वार्टर पर 2 वर्ष और रहने की मोहलत देना अतिआवश्यक है और उनका अधिकार भी है ।

दोनों ही विषयों पर सीईओ एम रवि ने सकारत्मक तरीके से लेते हुवे विषय को संज्ञान में लिया सेक्टर 09 अस्पताल के मसले को जल्द से जल्द हल किये जाने के साथ ही क़्वार्टर लायसेंस विस्तार के विषय पर भी विचार करने आस्वस्थ किया उक्त बैठक के दौरान मेयर ने टाउन शिप क्षेत्र के वार्डों में लगाए चौपाल भिलाई के गोठ के दौरान भी रहवासियों की ओर से आए विभिन्न शिकायतों को लेकर भी सीईओ से चर्चा की।

महापौर कार्यालय, भिलाई